Series SHC/1

Code No.
कोड नं. 200/1

Roll No.
रोल नं.

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में कोड नं. अवश्य लिखे।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **3** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **7** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

STENOGRAPHY (Hindi)
(Theory)
आशुलिपि (हिन्दी)
(सैद्धान्तिक)

Time allowed : 3 hours] *[Maximum marks: 30*

निर्धारित समय : 3 घण्टे] *[अधिकतम अंक : 30*

सामान्य निर्देश :

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उपयुक्त उदाहरण देते हुए अधिकतम 10-10 शब्दों में दीजिए : 6×½=3

(क) सरल रेखाओं में 'न' हुक के स्थान पर 'स' वृत्त क्या प्रकट करता है ?

(ख) 'क' रेखा से पहले 'ह' आए तो 'ह' ऊपर को लिखा जाएगा अथवा नीचे को ?

(ग) सीधी रेखाओं के अंत में 'स' आने पर वृत्त को किस ओर लिखा जाता है ?

(घ) यदि किसी शब्द के अंत में 'न' पर स्वर हो तो रेखा का प्रयोग होगा या हुक का ?

(ङ) 'र' हुक रेखा के प्रारंभ में लगता है या अंत में ?

(च) क रेखा पर बायीं गति से प्रारंभ में बड़ा हुक किस व्यंजन को प्रकट करता है ?

2. (क) हुक 'फ' सरल रेखाओं में किस दिशा में लगाया जाता है ? उदाहरण दीजिए। 1

(ख) 'न' तथा 'फ' हुकों में क्या अंतर है ? इसके प्रयोग सरल रेखाओं के साथ उदाहरण देकर लिखिए। 1

(ग) 'म' रेखा को गहरा करने पर किन व्यंजनों का योग होता है ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। 1

3. (क) व्यंजन 'म्प' तथा व्यंजन 'अ' को किन-किन व्यंजनों की ध्वनियों के लिए दुगना किया जाता है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) ऐसी व्यंजन रेखाओं के उदाहरण दीजिए जिनको मोटा और आधा करने पर 'द' तथा 'ड' का योग होता है। 2

4. उपसर्ग किसे कहते हें ? स्वर 'अ' की उपसर्ग के रूप में विशेषता बताइए। उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए। 4

अथवा

(क) महा, राष्ट्र तथा राज शब्दों का उपसर्ग के रूप में प्रयोग करते हुए दो-दो शब्द एवं उनके आशुलिपि रूप लिखिए। 2

(ख) संक्षिप्ताक्षर की परिभाषा स्पष्ट करते हुए रक्षा शब्द का संक्षिप्ताक्षर रूप आशुलिपि में लिखिए और उस पर उपसर्ग 'स' तथा 'अ' जोड़कर संक्षिप्ताक्षर वाले दो-दो शब्द तथा उनके आशुलिपि रूप लिखिए। 2

5. (क) गत, गति को आशुलिपि में आधी 'ग' व्यंजन रेखा से उपसर्ग एवं प्रत्यय के रूप में जिस प्रकार प्रकट किया जाता है उसके चार उदाहरण दीजिए। 2

(ख) निम्नलिखित संख्याओं को आशुलिपि में लिखिए : 2

(1) चार लाख (2) दो हजार

(3) तीन लाख दो हजार (4) पांच करोड़

6. (क) निम्नलिखित शब्दों को काट का प्रयोग करके आशुलिपि में लिखिए : 2

(1) जहाज का कप्तान (2) मनीआर्डर फार्म

(3) शिक्षा बिल (4) सुरक्षा परिषद्

(ख) निम्नलिखित शब्दों को आशुलिपि में लिखिए : 2

(1) खट-पट (2) आकाश-पाताल

(3) भाई-बहिन (4) न्याय-अन्याय

(ग) निम्नलिखित शब्दों को स्वर के द्वारा अंतर करके आशुलिपि में लिखिए : 2

(1) धर्म-अधर्म (2) नीति-अनीति

(3) स्पष्ट-अस्पष्ट (4) वैध-अवैध

7. निम्नलिखित वाक्यों को आशुलिपि में लिखिए : 6

(1) सवाल नहीं होना चाहिए (2) इस तरह की बात

(3) बनाये रखने के लिए (4) इस शुभ अवसर पर

(5) अपने सामने रखना चाहता हूँ (6) इस जमाने में